**आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**गुरुवार 30.04.2026** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :—**

- **राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मधुमक्खी पालन नीति और कुंभ मेले की व्यवस्थाओं सहित विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को मंजूरी मिली।**
- **केदारनाथ धाम में एक सप्ताह में करीब एक हजार किलो प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित किया गया। मुख्यमंत्री पुश्कर सिंह धामी ने तीर्थयात्रियों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।**
- **कल से भाुरू होगी आदि कैलाश यात्रा। पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी की।**
- **राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ने से लोगों को गरमी से राहत मिली।**

**राज्य मंत्रिमंडल**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में वन सीमा क्षेत्रों में मानव—हाथी संघर्ष कम करने के लिए मधुमक्खी पालन नीति और कुंभ मेले की व्यवस्थाओं सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद सचिव शैलेश बगोली ने पत्रकारों को बताया कि मंत्रिमंडल ने वन सीमा क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई नीति को मंजूरी दे दी है। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदायों की आय में वृद्धि करना और मानव—वन्यजीव संघर्ष, विशेषकर मानव—हाथी टकराव को कम करना है। श्री बगोली ने बताया कि बैठक में कुंभ मेले की व्यवस्थाओं को लेकर अहम निर्णय लिया गया। इसके तहत एक करोड़ रुपये तक के कार्य मेला अधिकारी, पांच करोड़ रुपये तक गढ़वाल आयुक्त और इससे अधिक की लागत वाले कार्य शासन स्तर से स्वीकृत किए जाएंगे। मंत्रिमंडल की बैठक में शिक्षा विभाग, परिवहन और औद्योगिक विकास सहित विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

**प्लास्टिक अपशिश्ट**

केदारनाथ धाम में उमड़ती तीर्थयात्रियों की भीड़ के बीच, नगर पंचायत केदारनाथ ने धाम को प्लास्टिक वेस्ट से मुक्त रखने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यात्रा के पहले एक सप्ताह में ही पालिका ने करीब एक हजार किलो प्लास्टिक वेस्ट एकत्र किया है। पालिका गीले कचरे के निस्तारण के लिए भी पक्के पिट बनाने जा रही है। केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों की रिकॉर्ड भीड़ उमड़ रही है। इसके चलते धाम में भारी मात्रा में प्लास्टिक अपशिष्ट पहुंच रहा है, जिसका मुख्य कारण पानी की बोतलें हैं। हालांकि नगर पंचायत केदारनाथ की ओर से पहले ही धाम में तीन हजार वर्गफिट क्षेत्र में मटीरियल रिकवरी फैसीलिटी स्थापित की गई है। जहां धाम में एकत्रित होने वाले प्लास्टिक वेस्ट और अन्य ठोस कचरे को जमा कर, 15 अलग— अलग श्रेणियों में छांटा जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से प्लास्टिक वेस्ट, कांच और टिन और कपड़े जैसा कचरा शामिल होता है। यहीं पर कॉम्पेक्टर मशीन भी लगाई गई है, जो बोतल आदि प्लास्टिक वेस्ट को पिचकाकर, 30 से 40 किलो की गठरी के तौर पर तैयार कर देती है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नीरज कुकरेती ने बताया कि इस तरह पहले एक हफ्ते ही करीब एक हजार किलो प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित किया जा चुका है, जिसे अब बेचा जाएगा। इससे नगर पंचायत को राजस्व की प्राप्ति भी होगी।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बयान में कहा है कि प्रदेश सरकार, तीर्थ स्थलों के साथ ही यहां की पवित्र नदियों और हिमालय के पर्यावरण संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। धामों के साथ ही यात्रा मार्ग पर नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायतों के माध्यम से लगातार सफाई कराई जा रही है। उन्होंने उत्तराखंड आने वाले हर तीर्थयात्री से भी अपील है कि वो प्लास्टिक वेस्ट या अन्य तरह का कचरा इधर–उधर न डालें।

**आदि कैलाश यात्रा**

पिथौरागढ़ जिले में कल से शुरू हो रही आदि कैलाश यात्रा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। गत 28 अप्रैल से यात्रा के लिए इनर लाइन परमिट जारी किए जा चुके हैं। पंजीकृत यात्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यात्रा पर प्रस्थान करेंगे। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिगत संबंधित विभाग और एजेंसियां अलर्ट मोड में कार्य कर रही हैं तथा यात्रा मार्ग पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

**वनाग्नि / चौपाल**

अल्मोड़ा जिले में जंगलों में आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय वनाग्नि प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। इसके तहत जिले के ग्यारह विकासखंडों में वनाग्नि के प्रति जागरुकता को लेकर चौपाल आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आज ताड़ीखेत विकासखंड में वनाग्नि चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों ने वनाग्नि रोकथाम को लेकर चर्चा की। वनाग्नि प्रबंधन समिति के नोडल अधिकारी गजेंद्र पाठक ने जंगलों को आग से बचाने के लिए प्रशासन और आमजन को मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।

**मौसम**

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ने से लोगों को गरमी से राहत मिली है। वहीं, पहाड़ों की रानी मसूरी में भी बारिश और ओलावृष्टि होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है।

**छापेमारी**

हरिद्वार के जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल के नेतृत्व में आज खाद्य आपूर्ति विभाग की चार सदस्यीय टीम ने लक्सर क्षेत्र के विभिन्न पैट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण कर छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान तीन पेट्रोल पम्पों में कई खामियां पाई गई। जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पैट्रोल पंपों पर कमियों को लेकर सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। संतोषजनक जवाब न मिलने पर सभी पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी पेट्रोल पंप संचालकों को मानकों के अनुसार मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए ईंधन का पर्याप्त और सुरक्षित स्टॉक बनाए रखने को भी कहा गया है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।